>

Title: Need to remove the portraits of women tea workers fixed on the walls of men's toilet in Indira Gandhi International Airport, Delhi.

**श्री हरिभाऊ जावले (रावेर):** अध्यक्ष महोदया, मैं आपके माध्यम से सदन के सामने एक अपमानजनक और गंभीर मामला सदन के सामने रखना चाहता हूँ। यह मामला इंदिरा गांधी इंटरनेशनल हवाई अड्डे के टर्मिनल मामले से जुड़ा हुआ है।

**<u>19.44 hrs.</u> (Mr. Deputy Speaker *in the Chair*)**

उपाध्यक्ष महोदय, इंदिरा गांधी हवाई अड्डे के डिपार्चर और एराइवल में कुछ जैन्ट्स टॉयलैट्स हैं। वहाँ जो वॉल पिक्चर लगाई गई हैं, वहाँ खेत में काम करने वाले किसानों महिलाओं की तस्वीर लगाई गई हैं। जिस देश में महिलाओं का सम्मान होता है, जिस देश में महिला माँ, बहिन, पत्नी और देवी के रूप में पूजी जाती है, उसी देश में इंदिरा गांधी इंटरनेशनल एयरपोर्ट पर ऐसी तस्वीरें लगाने का जो काम है, वह मैं आपके ध्यान में लाना चाहता हूँ।

महोदय, दस दिन पहले इसके बारे में एयरपोर्ट अथॉरिटी के चेयरमैन श्री अग्रवाल से मैं मिला था। मेरे साथ पाँच अन्य सांसद भी थे। मैंने उनके सामने मुद्दा उठाया था। उन्होंने उसी समय एक फोन लगाकर ये तस्वीरें हटाने के बारे में कहा था, लेकिन कल जब मैं एयरपोर्ट पहुँचा तो मैंने फिर वही तस्वीरें उसी जगह देखीं। चाय के बागान में काम करती हुई किसान महिलाओं की भी तस्वीरें वहाँ लगाई गई हैं।

मैं आपके माध्यम से सरकार से विनती करना चाहता हूं कि इन तस्वीरों को जल्दी से जल्दी हटाना चाहिए और हमारे देश की महिलाओं की इज्जत बढ़ानी चाहिए।